





# माली सैनी सन्देश

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

• वर्ष : 8 • अंक 94 • 30 अप्रेल, 2013 • मूल्य : 150/- वार्षिक




## महात्मा ज्योति बा फूले

### द्वारा रचित मानव कल्याण की प्रार्थना

प्रभु तुने अंतरिक्ष में अनंत, अनगिनत सूर्यमण्डल बनाकर
इस पृथ्वी पर प्राणी भी बनाये और तुने मुझे भी इंसान बनाकर
मुझमें विवेकशील बुद्धि दी, उससे मैंने तेरी आज्ञा के अनुसार सत्य
का नित् स्मरण कर व्यवहार किया, यह तू जानता है।
इसलिए है प्रभु ! तू मुझे स्वीकार करेगा।
ऐसा मुझे पक्का विश्वास है, इौर इस तरह से जो
बाकी सब मानव भाई बहिन सच्चे आचरण से
व्यवहार करेंगे, उनको भी तू निःसंदेह स्वीकार करेगा
तेरी सत्य सत्ता निरंतर बढ़ती ही रहे।



(महात्मा फूले पृष्ठसं. 520 महाराष्ट्र सरकार का प्रकाशन)

# ज्योति बा फुले जयंति पर जयपुर में आयोजित समारोह की झलकियां

















NO.RAJHIN12897/20/1/2004-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 8 ● अंक 94 ● 30 अप्रेल, 2013 ● मूल्य : 150/- वार्षिक

सम्पादक मण्डल

संरक्षक :



श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

सह संरक्षक:



श्री ब्रह्मसिंह चौहान
( पूर्व पार्षद )

प्रेस फोटोग्राफर

जगदीश देवड़ा
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

मार्केटिंग इंचार्ज

रामेश्वर गहलोत
(मो. 94146 02415)

कम्प्यूटर

इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

आवरण कथा

### महात्मा ज्योति बा फूले के 186वें जन्मदिवस पर देशभर में समारोह



महात्मा ज्योति बा फूले के 186वें जन्मदिवस पर देशभर में समारोह

एक अपमान ने बनाया महान विचारक महात्मा ज्योतिबा फुले
हम गुलामवंश के शहजादे नहीं बने - डॉ. सत्यनारायणसिंह
हाईकोर्ट का फैसला, पद पर बने रहेंगे पंजाब डीजीपी श्री सुमेध सिंह सैनी
झुंझुंनू में हुआ उंकारराम कच्छवाहा का सम्मान
श्रीपाल सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने
शहीदों का बलिदान देता है प्रेरणा- श्री अशोक गहलोत
शिक्षा संस्थान का वार्षिक समारोह
पहली बार पटौदी में फुले जयंती
महात्मा ज्योतिबा फूले मूर्ति अनावरनण समारोह सम्पन्न
रामनवमी मेले में उमड़े श्रद्धालु
ज्ञानसिंह भाटी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित
प्रदीप कच्छवाहा बने जोधपुर फोटोग्राफर एसोसियेशन के अध्यक्ष
सैनी युवा परिषद द्वारा होली स्नेह-सम्मेलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया

# सम्पादक की कलम से ...



संस्कार हमारी भारतीय संस्कृति के मूलाधार है। चौसठ कलाएं और सोलह संस्कार जीवन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण माने गए है। गर्भाधान से लेकर अंत्येष्टी तक सभी सोलह संस्कारों में विवाह संस्कार सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना गया है क्योंकि तदोपरांत गृहस्थ धर्म ही सोलह संस्कारों को पूर्णता प्रदान करता है। विवाह एक सामाजिक प्रथा है तथा प्रत्येक व्यक्ति का निजी मामला होता है। वर-वधू पक्ष आपस में विचार-विमर्श करके विवाह का आयोजन करते है। विवाह के आयोजन से संबधी सभी निर्णय वर-वधू पक्ष की आपसी सहमति के आधार पर लिए जाते है। इस प्रकार से होने वाले विवाह में होने वाले खर्च की कोई निश्चित सीमा नहीं होती है। वर पक्ष अपने हिसाब से तो वधू पक्ष अपने हिसाब से व्यय करता है। कई बार सामाजिक प्रतिष्ठा बरकरार रखने के लिए वर या वधू पक्ष को अपनी हैसियत से अधिक खर्च करना पड़ता है। विवाह में व्यय करने की कोई निर्धारित सीमा नहीं है।

**समाज के जागरूक नागरिक अपने बेटे-बेटियों का विवाह सामूहिक विवाह समारोह में करने के लिए उत्साहित दिखाई दे रहे है। ऐसा ही उदाहरण है माली सैनी समाज भीलवाड़ा के समाजसेवी श्री बंशीलाल माली का है जिन्होंने आगामी 2 जून, 2013 को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया है जिसका संपूर्ण व्यय वे स्वयं अपने स्तर पर उठा रहे है यहीं नहीं इसके साथ वे अपनी पुत्रियों का विवाह भी इस सामूहिक विवाह समारोह में आयोजित कर समाज में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहे है।**

परिवर्तन सृष्टि का नियम है, जो समाज जमाने और समय के साथ चलता है। वह समाज की विकास की सीढ़ियां तेजी से चढ़ता है। कुछ लोगों की धारणा है कि सामूहिक विवाह में केवल गरीब घर के लोग शामिल होते है।अगर इस धारणा को निराधार और झुठा साबित करना है तो समाज के संपन्न सजातीय बंन्धुओं को अपने बेटे-बेटियों का विवाह सामूहिक विवाह आयोजनों में करना चाहिए। हमारी समाज के विभिन्न क्षेत्रों की संस्थानों के पदाधिकारियों को इसके लिए पहल करनी चाहिए उन्हें ऐसे आयोजनों के संचालन के साथ ही अपने परिवार की पुत्र-पुत्री का विवाह भी सामूहिक विवाह में करके इस धारणा को निराधार साबित करना चाहिए।

समाज के प्रतिष्ठित वर्गो से भी निवेदन है कि सामूहिक विवाह के आयोजनों में अपनी भागीदारी बढ़ाते हुए विवाह योग्य अपने पुत्र-पुत्री का विवाह ऐसे समारोह में कर समाज में संदेश दे कि सामूहिक विवाह का अयोजन केवल गरीबों के लिए नहीं सबके लिए अति आवश्यक है।

मुझे समाज के अनेकों सामूहिक विवाहों आयोजनों में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस प्रकार के आयोजनों में समर्थ एवं सक्षम कार्यकताओं की टीम की जरूरत होती है हमें अपने घर में होने वाले एक विवाह को प्रंबध करते-करते नानी याद आ जाती है। सामूहिक विवाहों में एक साथ कई जोड़ें विवाह सूत्र के पवित्र बंधन में बंधते है, इस विशाल कार्य में हम सब की भागीदारी आवश्यक है।

हम सभी सामूहिक विवाह में इस विचार से पधारे कि इस आयोजन में आपके बेटे या बेटी का विवाह होने वाला है और यह आपके घर का आयोजन है। कोई भी समाज प्रगति के पथ पर तभी अग्रसर होता है जब वह जमाने के साथ चलता है, सुखद परिवर्तनों को आत्मसात करना है, शिक्षा के महत्व को समझता है। समाज के अग्रणी एवं संपन्न बन्धुओं का यह कर्तव्य है कि समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को अपने साथ लेकर चले। आईये, हम सब आगामी सामूहिक विवाह समारोह में एक नए जोश और उत्साह के साथ शामिल हो तथा समाज में होने वाला प्रत्येक सामूहिक विवाह एक मिसाल बनें।

**जय माली सैनी समाज**

### सामूहिक विवाह एक सुखद शुरूआत


## समाज के प्रतिष्ठित लोग भी अपने बेटे-बेटियों का विवाह सामूहिक विवाह आयोजन में करें



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

# महात्मा ज्योति बा फूले के 186वें जन्मदिवस पर देशभर में समारोह

महात्मा ज्योति बा फूले के 186वें जन्मदिवस पर देशभर में समारोह



**जयपुर।** विद्याधर नगर के महात्मा ज्योतिबा फूलेराष्ट्रीय संस्थान में महात्मा ज्योति बा फूले की जयंति के अवसर पर सामाजिक सम्मेलन हुआ। इसमें माली समाज ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को फिर से मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत देर रात कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने समाजबंधुओं से मुलाकात की। समारोह को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी मुकुल वासनिक और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डॉ. चंद्रभान ने भी संबोधित किया।

युवा महासभा अध्यक्ष मनोज अजमेरा ने बताया कि कार्यक्रम में संस्थान की ओर से विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसमें के.एल.सैनी अवार्ड नीतू मेहरा को, महात्मा ज्योतिबा फूलेअवार्ड डश्व. एम.एल.स्वर्णकार को, सावित्रीबाई फूलेअवार्ड रिंकू सैनी को और ताराचंद अवार्ड ओम राजोरिया को दिया गया। पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रेस क्लब अध्यक्ष नीरज मेहरा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा एवं राज्यमंत्री रामकिशोर सैनी, विधायक भगवान सहाय सैनी, संस्था अध्यक्ष मांगीलाल पंवार मौजूद थे। महात्मा ज्योतिबा फूलेसर्किल पर प्रभातफेरियों के साथ पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ की ओर से मुहाना मंडी में जयंती मनाई गई। संघ के अध्यक्ष ओम तंवर ने बताया कि इस मौके पर गोष्ठी में वक्ताओं ने महात्मा फूलेके जीवन पर प्रकाश डाला। जिला माली सैनी समाज विकास आदर्श संस्थान की ओर से प्रभातफेरी निकाली गई।



### महात्मा फूले के नाम 2-2 लाख के पुरस्कार

**ग्वालियर।** मप्र सरकार महात्मा ज्योतिबा फूले और सावित्री बाई फूले के नाम पर हर साल दो-दो लाख रूपए की राशि वाले दो पुरस्कार देगी। इनमें एक पुरस्कार समाज सेवा और दूसरा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाएगा। यह घोषणा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को यहां कुशवह समाज द्वारा आयोजित महात्मा फूले की 187वीं जयंती समारोह में की। उन्होंने कहा कि महात्मा फूले और सावित्री बाई एक समाजसेवी ही नहीं, बल्कि क्रांतिकारी भी थे। मुख्यमंत्री ने महात्मा फूले की जीवनी स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल कराने की बात भी कही।

**जोधपुर।** माली संस्थान एवं महात्मा ज्योति बा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच ने महात्मा ज्योति बा फूले की जयंति के अवसर पर फूले चौराहा पर फूल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में 27 युवकों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जेडीए चेयरमेन श्री राजेन्द्र सोलंकी, पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत, शहर भाजपा

अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कच्छवाहा, माली संस्थान अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा, हरिद्वार धर्मशाला अध्यक्ष श्री बाबूलाल पंवार, समाजसेवी श्री जसवंतसिंह कच्छवाहा, सुमेर स्कूल अध्यक्ष श्री चेतन देवड़ा सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने महात्मा ज्योति बॉ फूले की जीवन से प्रेरणा लेने का आव्हान किया।

**गोरधनपुरा मोड़ फुलेरा पर नवनिर्मित महात्मा ज्योतिबा फूलेसर्किल का लोकार्पण हुआ।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक निर्मल कुमावत ने कहा कि महात्मा फूलेगरीबों व दलितों के मसीहा थे। अध्यक्षता संस्था के संरक्षक गोपाल दास बागड़ी ने की। विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष मनोज आहुजा, उपाध्यक्ष शिवचरण सैनी, पार्षद मदन गढ़वाल, विमला चौहान, भंवर लाल, महेंद्र कुमावत आदि थे। महात्मा ज्योतिबा फूलेसंस्था व सैनी समाज फुलेरा के संयुक्त तत्वावधान में जयंती सैनी समाज शिवालय श्रीरामनगर में मनाई गई। लोगों ने फूलेके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि ठेकेदार कमलेश कुमार थे। अध्यक्षता समाज अध्यक्ष गंगाराम गढ़वाल ने की। इस अवसर पर प्रतिभावान विद्यार्थियों व राजकीय सेवा में चयनितों का सम्मान किया गया।




**अजमेर।** आधुनिक भारत के जनक महात्मा ज्योतिबा फूलेने 167 साल पहले नारी शिक्षा पर जोर दिया था और पत्नी सावित्री बाई फूलेको शिक्षित करके भारत की पहली शिक्षित महिला होने का गौरव दिलाया था। नारी शिक्षा के प्रति सूझबूझ रखने वाले फूलेकी जीवनी से महात्मा गांधी व ड. भीमराव अंबेडकर भी प्रभावित थे। माली (सैनी) सोशियल वेलफेयर आर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फूलेकी 186 वीं जयंती के अवसर पर अजमेर क्लब के सामने स्थित महात्मा ज्योतिबा फूलेसर्किल पर कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर फूलेकी मूर्ति को माल्यार्पण कर ज्योतिबा फूलेअमर रहे के नारे लगाए। साथ ही एक दूसरे को नव संवत्सर एवं वर्ष प्रतिपदा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। संस्था सदस्य राजेंद्र बागड़ी, प्रदीप कच्छावा, रविशंकर उबाना, किशोर भाटी, वीरेंद्र चौहान, तरुण मौर्य, भानू प्रताप कच्छावा, त्रिलोक भाटी आदि शामिल थे। फुल मंडी अध्यक्ष पूनमचंद मारोठिया की ओर से शाम को 11 सौ दीपक जलाकर दीप जलाकर बैंड की धुन पर आरती व आतिशबाजी की गई। पश्चात प्रसाद वितरित किया गया।अखिल भारतीय महात्मा फूलेसमता परिषद के तत्वावधान में फूलेसर्किल पर महान समाज सुधारक की जयंती धूमधाम से मनाई परिषद अध्यक्ष पूनमचंद मारोठिया ने बताया कि गुरुवार सुबह सर्किल स्थित फूलेकी मूर्ति का शृंगार किया गया। कार्यक्रम में विशाल जनसमूह फूले की जयंती मनाने के लिए एकत्र हुआ।



**पुष्कर।** महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच की ओर से पुष्कर में महात्मा फूले की 186वीं जयंती समारोह पूर्वक मनायी गई। इस अवसर पर मालियान मंदिर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर इंसाफ ने उपस्थित लोगों से महात्मा ज्योतिबा के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि वे आदर्श पुरुष थे और हमेशा आदर्श रहेंगे। इंसाफ ने माली समाज को छात्रावास भूमि आवंटन में पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं की जानकारी जरूरतमंदों तक पहुंचाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष मंजू कुर्डिया ने की। माली सेवा सदन के अध्यक्ष औंकार राम कच्छावा व मंच के राष्ट्रीय महासचिव ताराचंद गहलोत ने महात्मा ज्योतिबा की जीवनी पर प्रकाश डाला। गहलोत ने पुष्कर में महात्मा फूले के नाम से सर्किल आवंटित करने का प्रस्ताव रखा। इस पर नसीम एवं पालिकाध्यक्ष कुर्डिया ने आश्वासन दिया।



**ज्योतिबा फूले जयंती पर रक्तदान**

ब्यावर। महात्मा ज्योतिबा फूलेयुवा सामाजिक शिक्षण समिति एवं अखिल भारतीय माली सैनी युवा मोर्चा महात्मा ज्योतिबा फूलेसमिति के तत्वावधान में केसरी नंदन गार्डन में रक्तदान किया गया। माली युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बद्री सामरिया, नरेंद्र चौहान समेत कई सदस्यों ने सपरिवार रक्त समर्पण में भाग लिया। समिति के पूरण दगदी व दिनेश भाटी ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 71 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम को महात्मा ज्योतिबा सर्कल पर महात्मा फूलेको माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**राजगढ़।** महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति के तत्वावधान में गुरुवार को सैनी धर्मशाला में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज की ओर से कलश यात्रा, शोभायात्रा सहित अनेक झांकियां निकाली गई। मुख्य अतिथि अशोक सैनी एवं अतिथियों ने मां सरस्वती एवं महात्मा फूले के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बबलू एंड पार्टी एवं स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर भामाशाह एवं समाज के मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मनोहरलाल सैनी, गोरधन लाल सैनी, कैलाश सैनी, सर्वेश सैनी, मुन्ना सैनी, छुट्टन लाल सैनी सहित समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन भगवान सैनी ने किया।

**बीकानेर।** गोगागेट स्थित बीकानेर माली सैनिक क्षत्रिय सभा भवन में गुरुवार को महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम तंवर, गुलाब गहलोत व तेज रतन भाटी ने दीप प्रज्वलित कर महात्मा ज्योतिबा फूले व माता सावित्री बाई फूले की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। सभा भवन के अध्यक्ष तेज रतन भाटी ने महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन का परिचय देते हुए उनके जीवन से प्रेरणा



लेने की बात कही। श्याम तंवर ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया। गुलाब गहलोत ने महात्मा जी के समाज सुधार के क्षेत्र में किए गए कार्यो का उल्लेख करते हुए समाज सेवा व सामाजिक कल्याण तथा राजनीतिक चेतना लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर माली सैनी यंग स्टार क्लब के नवयुवकों ने महात्मा ज्योतिबा फूले के चित्र के पास केक काटकर उनके आदर्शो को अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके भवन कमेटी के सचिव मुरली गहलोत, कोषाध्यक्ष दिनेश कच्छावा, मेघराज टाक, एडवोकेट लीलाधर भाटी, धूमल भाटी, आनंद सिंह गहलोत, मानमल तंवर आदि शामिल थे। श्री महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच ने गोगागेट स्थित क्षेत्रीय माली समाज भवन में महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई। मंच के जिलाध्यक्ष महेश सिंह तंवर व जिला महामंत्री दिवाकर गहलोत ने केक काटकर महात्मा जी की जयंती मनाई। इस अवसर पर सैनी (माली) यंगस्टर ग्रुप के जीवराज गहलोत ने बताया कि क्लब के सदस्य शिक्षा से वंचित बालक-बालिकाओं चिह्नित कर उनको स्कूलों में प्रवेश दिलाया जाएगा। इस मौके पर अंकित तंवर, राहुल गहलोत, हरीश भाटी, दीशू कच्छावा, आदि ने भी विचार रखे। महात्मा ज्योतिबा फूले माली (सैनी) समाज संस्थान महिला प्रकोष्ठ की ओर से महात्मा ज्योति फूले की जयंती मनाई। प्रकोष्ठ की संयोजक संतोष कच्छावा ने कहा कि महात्मा जी समाज में फैली कुरीतियों को जड़ से मिटाने, बालविवाह रोकने व नारी शिक्षा की अलख लगाने में तत्पर रहे। कार्यक्रम में दुर्गा कच्छावा, मीनाक्षी कच्छावा, शुभ गहलोत, निर्मला गहलोत, उमा गहलोत, सुरभि गहलोत ने भी विचार रखे।

**उनियारा।** सैनी समाज उनियारा ने भैरू जी महाराज खातोली गेट में एडवोकेट रामकिशन सैनी की अध्यक्षता में गुरूवार को ज्योतिबा फूलेकी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महात्मा के सिद्धांत एवं विचारों पर प्रकाश डाला गया एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने पर चर्चा की गई। ज्योतिबा फूले के जन्म दिवस पर 11 अप्रेल को मुख्यमंत्री से सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की गई।



**दौसा।** क्रांति मंच के तत्वावधान में ज्योतिबा फूलेकी जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को गांधी तिराहे पर समारोह आयोजित हुआ। मंच के अध्यक्ष राजकुमार इंजीनियर ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने पिछड़ों, महिलाओं, दलितों और किसानों को दयनीय हालत से उबारने का क्रांतिकारी काम शुरू किया। महात्मा ज्योतिबा की पत्नी सावित्री बाई फूले का योगदान भी अविस्मरणीय रहा। उनके आदर्शो को जीवन में अपनाना चाहिए। समारोह में विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक, कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने ज्योतिबा फूलेके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



**महवा।** गुरुवार को सैनी समाज तहसील महवा के तत्वाधान में महात्मा ज्योतिबा फूले जयंति समारोह सैनी छात्रावास में मनाया गया। महात्मा ज्योतिबा फूले की शोभायात्रा व कलशयात्रा निकाली गई। बैंडबाजों के साथ निकाली गई शोभायात्रा राष्ट्रीय राजमार्ग, मुख्य बाजार, तहसील रोड़ से सैनी धर्मशाला पहुंची। जहां समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व समाज के भामाशाहों का सम्मान किया गया।

## बांदीकुई में 224 व लालसोट में 62 प्रतिभाओं का सम्मान

बांदीकुई । आदर्श प्रबंध समिति महात्मा ज्योतिबा फूलेसामाजिक एवं शैक्षिक विकास संस्थान की ओर से गुरुवार को महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान आयोजित समारोह में समाज की 225 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। दोपहर 12 बजे सैनी कालेज में आयोजित हुए जयंती समारोह में तकनीकी शिक्षा एवं जेल मंत्री रामकिशोर सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूलेने हमेशा शिक्षा के प्रति जागृत रहने व कुरीतियों को दूर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही मनुष्य के सर्वांगीण विकास का मूलमंत्र है। समारोह में सेवानिवृत आईएएस एवं डांग क्षेत्र विकास बोर्ड के अध्यक्ष सत्यनारायण सैनी ने कहा कि समाज के लोगों को एक-दूसरे का सहयोग करते हुए आगे बढना चाहिए। समारोह में पूर्व विधायक मदनलाल सैनी, पंचायत समिति सदस्य भावना सैनी, सैनी आदर्श विद्या मंदिर स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष भौरीलाल सैनी, संस्थान के अध्यक्ष डॉ. मोतीलाल सैनी सहित अन्य ने विचार व्यक्त किए। इससे पहले शहर के बालाजी मंदिर से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा प्रमुख बाजारों में होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस दौरान कई स्कूलों की ओर से देवी देवताओं की झांकियां सजाई गई। यात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया।

**लालसोट।** सैनी समाज को छात्रावास के लिए जमीन आबंटन कराई जाएगी तथा फूलेजयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कराने के लिए मुख्यमंत्री के सामने समाज के लोगों की भावना को पहुंचाया जाएगा। यह बात उपखंड मुख्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फूलेसेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित फूलेजयंती समारोह में सहकारिता मंत्री परसादी लाल मीणा ने कही। पूर्व प्रधान सावित्री देवी सैनी ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इस अवसर पर समाज के जन प्रतिनिधियों व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाली 62 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पद पद दंगल हेला ख्याल मंडलियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दीं। कस्बे के प्रमुख बाजारों से शोभायात्रा निकाली गई।

**बालोतरा।** महात्मा ज्योति बा फूले की जयंती गुरुवार को माली समाज भवन गांधीपुरा में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में महात्मा फूले की ओर बताए आदर्शो व उनके सन्मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान मोहनलाल गहलोत की ओर से रचित लिखमेश्वर चालीसा के चतुर्थ संस्करण पंचाग का विमोचन समाज भवन के संरक्षक हरिराम पंवार, मंत्री भंवरलाल कच्छवाह, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सुंदेशा ने किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश माली, भरत सुंदेशा, श्रवण सुंदेशा, माणकचंद पंवार, सौरभ पंवार, बलराम गहलोत सहित कई जने मौजूद थे।



**जैसलमेर।** महात्मा ज्योतिबा फूलेकी 187वीं जयंती गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई। ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच के जिलाध्यक्ष मेघराज परिहार की अध्यक्षता में वाहन रैली निकाली गई। गडसीसर चौराहे से एयरफोर्स चौराहा, पंचायत समिति सम चौराहा, हनुमान चौराहा, गीता आश्रम चौराहा से माली सैनी समाज भवन डेडानसर रोड पहुंची। गडसीसर चौराहे पर पूर्व जिला प्रमुख रेणुका भाटी, यूआईटी अध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर, प्रदेशाध्यक्ष शंकरलाल माली, जिलाध्यक्ष मेघराज परिहार, बीसूका उपाध्यक्ष देवका राम माली ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एक प्रस्ताव पारित किया गया कि नगरपालिका क्षेत्र में महान व्यक्ति के नाम से सरकारी कॉलोनी चौराहा महात्मा ज्योतिबा फूले के नाम से रखा जाए।



**पोकरण।** स्थाई नाथ धूणे में महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती मनाई। मुख्य अतिथि छोटेश्वरी माली, अध्यक्षता वनपाल श्रीराम सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि भणियाणा नायब तहसीलदार आईदान पंवार, स्थाई नाथ धूणे के महंत गणेश गिरी एवं उत्तम दास महाराज उपस्थित थे। समारोह में कमल भाटी, कैलाश मिस्त्री, माली युवा ब्रिगेड के अध्यक्ष जितेन्द्र सोलंकी, माली नवयुवक मंडल के अध्यक्ष ओंकारमल सोलंकी, छोटमल पंवार, राजेन्द्र पंवार नेमीचंद सोलंकी, डॉ. तरूण पंवार,सहित अनेक लोगों ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर माली विकास संस्थान, माली युवा बिग्रेड, माली युवा मंडल द्वारा वाहन रैली निकाली गई। नगरपालिका अध्यक्ष छोटेश्वरी ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली स्थाई नाथ से आशापुरा रोड, आईटीआई केन्द्र, होते हुए सालमसागर तालाब, चामुण्डा माता मंदिर होते हुए स्थाईनाथ धूणे में संपन्न हुई। इस मौके दमोदर माली, छोटमल पंवार, लाभचंद, श्याम माली, कंवरलाल माली, पन्नालाल सोलंकी, नेमीचंद मौजूद थे।



**जालोर।** माली समाज छात्रसंघ के तत्वावधान में गुरुवार को राजेंद्र नगर स्थित जागनाथ महादेव मंदिर में ज्योतिबा फूले की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भबूताराम सोलंकी ने कहा कि फूले ने अपने जीवन में दलितों व अछूतों के उत्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने उपस्थित युवाओं को उनके आदर्शो पर चलने का आह्वान किया। पन्नालाल सोलंकी ने फूले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फूले ने समाज को शिक्षित करने में हमेशा जोर दिया महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने कई कार्य किए। अंबालाल माली ने ज्योतिबा फूले के आदर्शो को अपने जीवन में उतारने की बात कही।

**भीनमाल।** महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती गुरुवार को स्थानीय माली समाज नोहरा में संकल्प दिवस के रुप में मनाई गई। इस दौरान ज्योतिबा फूले के बताए गए मार्गों पर चलने व बालिका शिक्षा को



बढावा देने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष जी.एम. परमार व पूर्व पार्षद भारताराम सुंदेशा ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जीवनी पर प्रकाश ड़ालते हुए उन्हें महान समाज सुधारक बताया। संस्थान के सचिव पारसमल सांखला ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के उत्थान के लिए संघर्ष किया, उन्हीं की बदौलत आज समाज में राजनीतिक, प्रशासनिक और व्यापारिक क्षेत्रों ने ऊंचाइयां प्राप्त की है। नगरपालिका उपाध्यक्ष जयरूपाराम माली ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए महात्मा ज्योतिबा फूले के प्रयासों को भूला नहीं जा सकता। मोहनलाल सुंदेशा ने महात्मा ज्योतिबा फूले की ओर से संसाधनों के अभाव में नारी शिक्षा को बढावा देने और नारियों के उत्थान के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। इस दौरान माली समाज धर्मशाला के उद्घाटन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इससे पूर्व महात्मा ज्योतिबा फूले की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीव प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष भंवरलाल सोलंकी, उपाध्यक्ष फोजाराम परिहार, भैराराम परमार, हिमताराम गहलोत, गजाराम सुंदेशा, सांवलाराम परिहार, बाबूलाल सुंदेशा, प्रभुलाल सांखला, बाबूलाल परमार, मांगीलाल परमार, जेठाराम परमार, पुखराज परमार, भीमाराम सांखला, समरथाराम सांखला, हरजीराम परमार, अचलाराम परमार और गजाराम परिहार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**सांचौर।** नेशनल हाइवे स्थित माली समाज सेवा संस्थान में महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती भगवानाराम माली की अध्यक्षता में समारोहपूर्वक मनाई गई। इस मौके महात्मा ज्योतिबा फूले की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा ली। समाज के वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए आदर्शो पर चलने की अपील की। समारोह को अमराराम माली, जवाराराम, सांवलाराम गहलोत ने भी संबोधित कर उनसे से प्रेरणा लेकर समाज विकास में हरसंभव

प्रयासरत रहने की बात कही। समारोह के दौरान समाज के सैकड़ों लोगों ने माली समाज संस्थान से उपखंड कार्यालय तक रैली के रूप में पहुंचकर कर राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि संसद भवन प्रांगण में स्थापित महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती व पुण्यतिथि पर किसी भी तरह का कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा रहा है। उन्हंने राष्ट्रपति से संसद भवन प्रांगण में स्थापित प्रतिमा पर महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती व पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम के आयोजन की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की । इस अवसर पर जगदीश, रूड़ाराम, दयाराम, भारताराम माली, विरमाराम, पांचाराम, गोरखाराम गहलोत, रूपाराम गहलोत, शंकराराम, काजाराम, मनजीराम गहलोत, सांवलाराम परावा, वरधाराम माली सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे



**चूरू।** महात्मा ज्योतिबा फूलेराष्ट्रीय संस्थान की ओर से गुरुवार को सैनी समाज भवन में फूलेजयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष शिवभगवान तंवर की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में समाज के लोगों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में गिरधारी तंवर ने कहा कि फूलेने अपना जीवन पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए अर्पित किया। ऐसे महापुरुषों को याद करने से युवा पीढ़ी को नई दिशा मिलती है। ओंकारमल बालाण ने उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाने पर बल दिया। महावीर गहलोत, सुशील सैनी, परमेश्वर तंवर, नरेंद्र सैनी, चंद्रमोहन तंवर, मदनलाल बालाण, सत्यनारायण भाटी, प्रभु सिंगोदिया, धन्नाराम गहलोत, चानणमल सैनी आदि उपस्थित थे। संचालन हरिप्रसाद सैनी ने किया।

**बस्सी में ज्योतिबा फूले को किया नमन।**
माली समाज विकास संस्थान बस्सी के तत्वावधान में आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह के दौरान महात्मा ज्योतिबा फूले जयन्ती के उपलक्ष्य में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। संस्थान के द्वारा 13 मार्च को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया या जिसकी ऐतिहासिक सफलता



मिलने पर कार्यकर्ताओ का सम्मान समारोह आयोजित किया या। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित राम बाबू ज्योति, अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष शंकर लाल सैनी ने की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यअतिथि द्वारा सभी कार्यकर्ता को माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया

## मृत्यु भोज नही करने का लिया संकल्प

समाज के युवाओ ने मृत्यु भोज में भोजन नही करने का संकल्प लिया। समाज व्याप्त कुप्रथा जिसमें परिवार के सदस्य को खो देने के बाद भी उसके परिवार को मृत्यु भोज करना पडता है। उसके परिवार पर पहले ही उसके परिवार के सदस्य के जाने पर दुखो का पहाड टुट पडता है। इस महान कार्य को करने के लिए माली समाज विकास संस्थान बस्सी ने युवाओ को इस कुप्रथा को दूर करने के लिए प्रेरित किया। बुधवार को संस्थान के द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में इस कुप्रथा का दूर करने की पहल की ई। इस पहल से प्रेरित होकर सैकडो युवा ने बढचढ कर संकल्प पत्र भरे ओर संकल्प लिया की वो आज के बाद कही पर भी मृत्यु भोज में भोजन नही करेंगे।


फुलेरा


झुंझुनूं


अलवर


बागड़


भरतपुर


भीलवाड़ा


चिड़ावा


धौलपुर

एक अपमान ने बनाया महान विचारक

# महात्मा ज्योतिबा फुले



ज्योतिबा फूले समाम में औरतों को पुरूष के बराबर का दर्जा दिलाने और दलितों को सम्मानजनक जिंदगी बिताने के ख्वाब को ज्योतिबा फूले ने अधिकार सहित पूरा किया। महाराष्ट्र में जिल लोगों ने स्त्री-शिक्षा और अछूतोद्धार का काम किया, उनमें ज्योतिबा का नाम सबसे पहले आता है। देश में सामाजिक न्याय को एक बड़ी लड़ाई वाले महान योद्धा महात्मा ज्योतिबा का स्थान भारतीय सामाजिक क्रान्तिकारियों में सबसे महत्वपूर्ण हैं। हजारों वर्षो से भारत में शुद्रों, अतिशुद्रों और स्त्रियों पर होने वाले अत्याचारों के विरूद्ध उनके संघर्षो के कारण ही परिवर्तन आने शुरू हुए और उनके लिए नए कानून बनाए गए। वह एक महान विचारक, कार्यकर्ता समाज सुधारक लेखक दार्शनिक, सम्पादक और क्रांतिकारी थे। उन्होंने जीवन भर निम्न जाति की महिलाओं ओर दलितों के उद्धार के लिए कार्य किया। इस कार्य में उनकी धर्मपत्नी सावित्री बाई फूले ने भी पूरा योगदान दिया। इसी कारण डॉ. अम्बेडकर ने भी उनको अपना गुरू माना और उनके सामाजिक दर्शन का अपनी आन्दोलन का मुख्य आधार बनाया।

### जीवन परिचय

भारतीय सामाजिक क्रांति के जनक कहें जाने वाले महात्मा ज्योतिबबा का जन्म 11 अप्रेल 1827 को महाराष्ट्र के सातारा जिले में हुआ था। महात्मा फूले का बचपन अनेक कठिनाइयों में बीता। ज्योतिबा जब महज 9 माह के थे जब उनकी माँ का देहांत हो गया। आर्थिक तंगी के कारण खेतों में चिता का हाथ बंटाने के लिए उनकों छोटी उम्र में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ी। पर पड़ोसियों न उनकी प्रतिभा का पहचाना और उनके कहने पर पिता ने उनको हाई स्कूल में दाखिला करा दिया। मात्र 12 वर्ष की उम्र में उनका विवाह सावित्री बाई से हुआ। 21 वर्ष को उम्र में ज्योतिबा ने 7वीं क्लास पास की। 63 वर्ष की आयु में उनका 28 नवम्बर 1890 को निधन हो गया।

### जीवन को नई दिशा

ज्योतिबा के जीवन में महत्वपूर्ण मोड़ वर्ष 1848 में आया जब वह अपने एक ब्राह्मण मित्र में शादी में हिस्सा लेने के लिए गए। शादी में दूल्हे के रिश्तेदारों ने निम्न जाति का होने के कारण उनका अपमान किया। इसके बाद उन्होंने तब कर लिया कि वह सामाजिक असमानता को उखाड़ फेंकने की दिशा में कार्य करने क्योंकि जब तक समाज में स्त्रियों और निम्न जाति वालों दिशा में कार्य करेंगे क्योंकि जब तक समाज में स्त्रियों और निम्न जाति वालों का उत्थान नहीं होगा जब तक समाज का विकास असम्भव हैं। वर्ष 1791 में बॉमस पैन की किताब 'इट्स ऑफ मैन' ने उनकी बहुत प्रभावित किया।

### सत्यशोधक समाज नामक संस्था

समाजोत्थान के अपने मिशन पर कार्य करते हुए ज्योतिबा ने 24 सितबर 1873 को अपने अनुयायियों के साथ 'सत्यशोधक समाज' नामक संस्था का निर्माण किया। वे स्वयं इसके अध्यक्ष ये और सावित्री बाई महिला विभाग की प्रमुख। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य शुद्रों और अति शुद्रों को उच्च जातियों के शोषण से मुक्त कराना था। इस संस्था के माध्यम में उन्होंने वेदो को ईश्वर रचित और पवित्र मानने से इंकार कर दिया। उनका वर्क था कि यदि ईश्वर एक है और उसी ने सब मनुष्यों को बनाया हैं तो उसने केवल संस्कृत भारत में ही वेदों का रचना क्यों की।

### बनाया ज्ञान का मंदिर

ज्योतिबा का मानना था कि महिलाओं को भी शिक्षा का पूरा अधिकार है। इसी के चलने उन्होंने वर्ष 1848 में शुद्रातिशुद्र (दलित) लड़कियों के लिए एक स्कूल को स्थापना को। वर्ष 1848 में दौलत लड़कियों के लिए स्कूल खोलना अपने आप में एक क्रांतिकारी कदम है क्योंकि इसके 9 साल बाद बम्बई विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।1848 में मार्क्स ओर एंगेल्स ने कम्युनिस्ट मैनिफस्टी का प्रकाशन किया था। 1848 में यह स्कूल खोलकर फूले ने उस वक्त के समाज के ठेकेदारों को नाराज कर दिया था। उनके पिता गोविंदराव जी भी उस वक्त के सामंती समाज के बहुत ही महत्वपूर्ण व्यक्ति थे। दलित लड़कियों के स्कूल के मुद्दे पर बहुत झगड़ा हुआ पर फूले ने किसी को नही सुनी। नजीजतन उनको वर्ष 1849 में घर से निकाल दिया गया। सामाजिक बहिष्कार का जवाब ज्योतिबा ने वर्ष 1851 में दो और स्कूल खोलकर दिया। जब वर्ष 1868 में उनके पिताजी की मृत्यु हो गई तो उन्होंने अपने परिवार के पीने के पानी वाले तालाब को अछूतों के लिए खोल दिया। वर्ष 1873 में ज्योतिबा ने सत्यशोधक समाज की स्थापना की और इसी साल उनको पुस्तक 'गुलामगिरी' का प्रकाशन हुआ।

### खारिज किया कर्म विपाक के सिद्धांत को

ज्योतिबा ने कर्म विपाक के सिद्धांत को भी खारिज कर दिया था, जिसमें जन्म जन्मांतर के पाप-पुण्य का हिसाब रखा जाता है। उनका कहना था कि यह सोच जाति व्यवस्था को बढ़ावा देती है इसलिए इसे फौरन खारिज किया जाना चाहिए। ज्योतिबा के लेखन में कहीं भी पुर्नजन्म की बात का खंडन-मंडल नहीं किया गया हैं। यह अजीब लगता है क्योंकि पुर्नजन्म का आधार तो कर्म विपाक ही है। ज्योतिबा ने जाति को उत्पादन के एक औजार के रूप में इस्तेमाल करने और ब्राह्मणों के आधिपत्य को स्थापित करने की एक विधा के रूप में देखा।

# हम गुलाम वंश के शहजादे नहीं बनें–डॉ. सत्यनारायण सिंह



नागौर। डांग विकास क्षेत्र के अध्यक्ष डॉ. सत्यनारायण सिंह ने कहा कि जमाना तेजी से बदल रहा है। समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमें एकजुट होना होगा। अभी हमारे पास राज है, लेकिन अगर यही स्थिति रही तो कल किसी से मांगने लायक नहीं रहेंगे। डॉ. सैनी शनिवार को माली सैनी समाज सामाजिक चेतना सम्मेलन एवं छात्रावास के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सैनी ने समाज बंधुओं को जगाते हुए कहा कि हम गुलाम वंश के शहजादे नहीं बनें, इससे अच्छा हम समाज के संरक्षक बनें। माली वो है जो संरक्षक है, पालन करें, सुरक्षा करें। हमें आगे बढ़ने के लिए एकजुट होना पड़ेगा। सैनी ने सम्मेलन में समाज बंधुओं की कम संख्या पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, भगवान भी उस समाज का भला नहीं कर सकता, जिसे अपनी स्थिति का अहसास नहीं होता। इसलिए हम अगर श्री अशोक गहलोत को यह दोष देते है कि उन्होंने हमारे लिए कुछ नहीं किया तो वह गलत है। गहलोत भले ही जातिवाद का समर्थन नहीं करते, लेकिन वे हमारे समाज ही नहीं वरन् किसी भी समाज का नुकसान रही होने देंगे।

डॉ. सत्यनारायण सिंह ने निज हित से बड़ा समाज हित होना चाहिए। उन्होंने किरोड़ीलाल मीणा एवं बैंसला का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके एक इशारे पर हजारों की संख्या में मीणा एवं गुर्जर एकजुट हो जाते है। हमारे समाज की स्थिति इसके विपरित है यह हमारे इस सम्मेलन में आए लोगों की संख्या से साफ झलक रही है। ऐसे में हमारा समाज कैसे तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि निज हित से बड़ा समाज हित होना चाहिए। डॉ. सिंह ने बालिकाओं को पढ़ाने की बात कही ताकि वे बड़ी होकर कलेक्टर और एसपी बने सकें। इससे दो परिवार खुशहाल होगें। बच्चे पढ़ लिख गए तो सभी बाधाएं दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हम मंदिर बनाने के लिए कराड़ो रूपये खर्च कर रहे है उसमें से कुछ राशि ऐसे छात्रावासों पर खर्च की जानी चाहिए जिसमें समाज के होनहारों को अध्ययन के लिए अच्छी सुविधाएं मिल सकें। इससे समा की तरक्की का रास्ता आसान हो जाएगा। युवा पीढ़ी के लिए अच्छी शिक्षा का प्रंबध कर दिया तो उनहें संस्कार सिखाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। समाज के छात्रों के लिए अच्छे कोचिंग सेंटर बनाए जाए। इसमें युवाओं को प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करने का अच्छा मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने समाज के भवनों के लिए अनेकों जमीन दी है। उसका सही उपयोग किया जाना चाहिए। श्री गहलोत ने माली समाज ही नहीं, पूरे राजस्थान के लिए निःशुल्क दवा, निःशुल्क जांच, पशुओं के लिए निःशुल्क दवा आदि जन कल्याणकारी योजनाएं शुरू की। सस्ता अनाज मुहैया कर आम आदमी की जरूरतों को पूरा किया है। ऐसा व्यक्तित्व बनाओ कि चुनाव में हमारे नेता को पार्टियां टिकट दें और उसे दूसरे समाज के लोग भी वोट मिले।

समारोह के विशिष्ठ अतिथि माली सेवा सदन पुष्कर के अध्यक्ष श्री ऊँकारराम कच्छवाहा ने समाज में शिक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने की जरूरत बताई। उन्होंने ने कहा कि शिक्षित समाज से समाज में व्याप्त कुरीतियां स्वत: मिट जाएंगी। आज समाज में भामाशाहों की कमी नहीं हैं। उनकी सहायता से समाज हितार्थ किए जाने वाले कार्यों में धन की कमी नहीं आती है। जोधपुर माली संस्थान के अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में संस्थान के पदाधिकारियों को इस शिलान्यास के अवसर पर हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए छात्रावास के निर्माण में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया तथा शिक्षा के लिए किए गए कार्यों के लिए सभी को मुक्तहाथों से मदद करने का आव्हान् किया।ण

इससे पूर्व शिलान्यास व भूमि पेजन कार्यक्रम में डॉ. सत्यनारायण सिंह सैनी, श्री ऊँकारराम कच्छवाहा, श्री देवीचंद देवड़ा, नागौर नगर परिषद सभापति श्री बिरदीचंद सांखला, अरबन को–ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष श्री कृपाराम सोलंकी, पंचायत समिति उपप्रधान श्री आईदानराम भाटी, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव श्री योगेश गहलोत, डीडवाना पालिकाध्यक्ष श्री हीरालाल सोलंकी, समाजसेवी एवं व्यवसायी श्री रविन्द्र परिहार, माली संदेश संपादक मनीष गहलोत, भीनमाल के समाजसेवी श्री भंवरलाल सोलंकी, जालोर के श्री नाथु सोलंकी सहित सैकड़ों समाज बंधुओं ने भाग लिया।



इस अवसर पर भामाशाहों को स्मृति चिन्ह एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष श्री बालकिशन भाटी ने बताया कि छात्रावास पर करीब 7 करोड़ 22 लाख, 50 हजार रूपये की लागत से पांच मंजिला भवन का निर्माण करवाया जाएगा। जिसमें 16 बड़े हॉल एवं 42 कमरे बनेंगे। प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारियों के लिए भवन में विशेष व्यवस्था की जाएगी। समारोह का संचालन श्री आनंद सिंह कच्छवाहा ने किया। श्री कच्छवाहा ने सभी को संस्थान की जानकारी प्रदान की तथा साथ ही बाहर से आए मेहमानों का आभार प्रकट किया।

### डीजीपी की नियुक्ति रद्द करने की मांग खारिज

# हाईकोर्ट का फैसला, पद पर बने रहेंगे पंजाब डीजीपी श्री सुमेध सिंह सैनी



चंडीगढ़। मोहाली की स्वयं सेवी संस्था वॉयस फॉर फ्रीडम ने याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि श्री सुमेध सिंह सैनी के खिलाफ दिल्ली के कोर्ट में आपराधिक केस विचारधीन है। कोर्ट इस मामले में उन पर आरोप तय कर चुका है। उन्हें डीजीपी नहीं बनाया जाना चाहिए।

चंडीगढ़ पंजाब के डीजीपी श्री सुमेध सिंह सैनी को राहत देते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि डीजीपी की नियुक्ति के समय उन पर अपहरण का आरोप तय हो चुका था। सलेक्शन के समय तथ्यों को नहीं छिपाया गया। उल्टे इन सभी पहलूओं पर विचार हुआ। डीजीपी की नियुक्ति खारिज नहीं हो सकती। चीफ जस्टिस ए. के. सीकरी ने अपने कार्यकाल के अंतिम फैसले में श्री सुमेध सिंह सैनी को यह राहत प्रदान की।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि पंजाब पुलिस एक्ट राज्य सरकार को अधिकार देता है कि आपराधिक मामले में सजा होने पर डीजीपी को दो साल से पहले भी पद से ट्रांसफर किया जा सकता है। चयन प्रक्रिया में कोई खामी नहीं पाई गई। ऐसे में अदालत इस मामले में दखल नहीं कर सकती है।



## झुंझुनू में हुआ उंकारराम कच्छवाहा का सम्मान

महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान अशोक नगर बगड़ जिला झुन्झनु के भवन का उद्घाटन समारोह एवं सम्मान समारोह दिनांक 3.3.2013 को सम्पन हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय माली (सैनी) संस्थान पुष्कर के नव निर्वाचित अध्यक्ष उंकारराम कच्छवाहा का साफा व माला से स्वागत किया गया व कच्छवाहा ने बताया कि समाज के एक जुटता व राजनैतिक जागृति व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का साथ देने का आहवान किया गया।

# श्रीपाल सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने

दिल्ली। ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज के त्रैवार्षिक चुनाव में चौ. इन्द्रराजसिंह सैनी 24 फरवरी 2013 की बैठक में पुन: अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने 24 मार्च को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से त्याग पत्र दे दिया था। दिनांक 14 अप्रेल को कार्यकारिणी की बैठक स्वरूप नगर में उत्तरप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री रामसिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वानुमति से श्रीपाल सैनी को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया।

श्रीपाल सेनी ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों के विभिन्न पदों पर आपसी विचार विमर्श करके निम्नलिखित अनुसार नियुक्ति की। जिसमें डॉ. धर्मसिंह सैनी, पूर्व मंत्री एवं विधायक उत्तरप्रदेश को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष के पद पर सर्वश्री जय भगवान सैनी, दयाराम सैनी दिल्ली, आयोध्या प्रसाद कुशवाहा (म.प्र.), ताराचंद गहलोत, सूरजमल सैनी (राज.), महासचिव राजकुमार सैनी (हरिद्वार), ज्वाईन्ट सैकेट्री एड. रमेश सैनी (दिल्ली), सैकेट्री श्रीमति मुनेश रानी सैनी, सोबरन सिंह कुशवाहा (दिल्ली), एडवोकेट विक्रम सैनी (उ.प्र.), त्रिलोचनसिंह सैनी (पंजाब), चेतनदास सैनी (उत्तराखंड), राजेन्द्रसिंह (हरियाणा), ऑफिस सैकेट्री राजेश सैनी (दिल्ली), मीडिया सैकेट्री सैनी रामनारायण चौहान (म.प्र.), वेलफेयर धर्मसिंह सैनी (दिल्ली), महिला कल्याण मंत्री श्रीमति पूनमसैनी (हरियाणा), युवा कल्याण मंत्री नरेशसैनी (दिल्ली), संस्कृति मंत्री शिवचरण कुशवाहा (दिल्ली)

श्री श्रीपाल सैनी ने महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमति अलका सैनी (मध्यप्रदेश), परिचय सम्मेलन समिति का चैयरमेन एवं दिल्ली प्रभारी जी.एल. सैनी (दिल्ली), हरियाणा पंजाब ओ.पी. सैनी इसी प्रकार प्रदेश अध्यक्ष के पद पर सी.पी. सिन्हा (बिहार), भगवानाराम सैनी (राज.), सैनी हरजीतसिंह लोंगिया (पंजाब), अमित सैनी दिल्ली, चन्द्रमोहन सैनी (उ.ख.), गुरूनाम सैनी (हरिद्वार), विरेन्द्रसैनी (उ.प्र.), सुरेन्द्र सांखला (म.प्र.), जितेन्द्र कुमार वर्मा (गुज.), शिवदास महजन (महा.), जगदीश सैनी (कर्ना.), महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति श्वेता सैनी (दिल्ली), शशि सैनी (हरि.), युवा प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र सैनी (उ.प्र.), जगदीश सैनी उर्फ गुडडू (राज.) प्रदेश महासचिव शिवराज सैनी (दिल्ली) मनोनीत किये गए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने घोषणा की कि आगामी त्रैमासिक बैठक जुलाई में होगी। प्रदेश अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी की सूची प्रगति रिपोर्ट देंगे। संविधान संशोधन समिति गठित होगी। प्रदेश के समाजसेवी नेता बुद्धिजीवी साहित्यकार की सूची प्रदेश अध्यक्ष देंगे जिनकी टेलीफोन डायरेक्ट्री प्रकाशित करेंगे। सितम्बर में परिचय सम्मेलन आयोजित होगा। महात्मा फुले सेना का गठन किया जायेगा। चौ. इन्द्रराजसिंह सैनी को प्रधान संरक्षक एवं चैयरमेन सलाहकार समिति मनोनीत किया गया। आर.सी.सैनी (हरि.) को राष्ट्रीय महात्मा फुले सेना (आरएमपीएस) का प्रभारी नियुक्त किया गया।

# शहीदों का बलिदान देता है प्रेरणा– श्री अशोक गहलोत

## शहीद धर्मपाल सैनी प्रतिमा का अनावरण



झुंझुनू। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि शहीद देश की रक्षा के लिए अपनी जान लगाकर हम सभी की सुरक्षा करते हैं, लेकिन शहींदो का बलिदान व्यर्थ नहीं जाता। शेखावाटी के शहीदों ने मातृभूमि की रक्षा व देश की अखण्डता के लिए जो बलिदान दिया, वो आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देता रहेगा। गहलोत शनिवार को झुंझुनू जिले की खेतड़ी पंचायत समिति के पपुरना पंचायत के गोठड़ा गांव में धर्मपाल सैनी की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शहीदों के परिवार को पूरा पैकेज देकर उन्हें राहत दी है एवं उनके नाम पर विद्यालयों का नामकरण भी किया है। शहीद परिवार के साथ पूरा देश खड़ा हैं हम सभी एक-दूसरे के सूख-दुख में काम आएं व सभी जाति, धर्म के लोग आपस में मिलजुलकर चलें तभी देश आगे बढ़ सकता है। प्रदेश में शहीदों के कल्याण के लिए यृद्ध विधवा छात्रावास जयपुर व झुंझुनं में खोले गए हैं।

**वीरभूमि का मुख्यमंत्री होने का गर्व**

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि देश की आजादी के बाद बीते 65 वर्ष में देश के सामने विभिन्न युद्धों के अलावा आतंकवाद, अलगावबाद और सांप्रदायिकता सहित अनेक चुनौतियां सामने आई है, लेकिन राजस्थान के सपूतों के हरेक चुनौती से निपटने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। राजस्थान के सैनिकों ने हर युद्ध में अपनी वीरता का प्रदर्शन करते हुए जान की बाजी लगाइ है। मुझे ऐसे प्रदेश का मुख्यमंत्री होने को गर्व है, जहां वीरता और देशप्रेम की भावना बच्चे-बच्चे से कूट-कूट कर भरी हैं। सैनिकों के परिवार के हितों की सुरक्षा के लिए संकल्पबद्धः मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शहीदों और सैनिकों के परिवार के हितों की सुरक्षा के लिए संकल्पबद्ध है और शहीद परिवारों को जमीन, मकान, उनके बच्चों को नौकरी सहित तमाम सुविधाएं प्राथमिकता से उपलब्ध कराई जाती हैं। हम शहीदों और सैनिकों के परिवारों को यह अहसास कराना चाहते है कि उनके बलिदान के लिए हमारे मन में सम्मान हैं और सरकार हर दु:ख-सुख में उनके साथि है। उन्होंने शहीद धर्मपाल सैनी की स्मृति में राजकीय माध्यमिक विद्यालय को उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 8 लाख पूर्व सैनिक हैं और उनके कल्याण के लिए राज्य सरकार कोई कमी नहीं रखेगी।

# पहली बार पटौदी में फुले जयंती

पटौदी (हरियाणा)। सैनी सभा पटौदी द्वारा महात्मा फुले की 186वीं जयन्ती 21 अप्रेल 2013 को रामलीला ग्राउण्ड में धूमधाम में मनाई। अध्यक्षता कुन्दनलाल सैनी ने की, उदाघटन स्वामी धर्मदेव ने किया। मुख्य अतिथि श्रीपाल सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष आलें इण्डिया सैनी सेवा समाज थे। प्रारम्भ में महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण किया, तत्पश्चात् जयन्ती समारोह में भारी संख्या में समाजबंधु शामिल गुडगाँव जिले के जनसमूह भारी संख्या में शामिल थे।

महात्मा जोतीराव फुले द्वारा मानव कल्याण के लिए रचित प्रार्थना महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान के महासचिव रामनारायण चौहान द्वारा सामूहिक रूप से कराई गई। संस्थान के उपाध्यक्ष श्रीपाल सैनी, कार्यकारिणी सदस्य जी.एल. सैनी ने इस अवसर पर संस्थान द्वारा संचालित ''शिक्षादान की अभिनव'' योजना की जानकारी दी और सभी के शिक्षित होने का आव्हान किया। आयोजित समिति के फुलसिंह सैनी, ब्लाक अध्यक्ष हंसराज सैनी, युवा सैनी विकास मंच के अध्यक्ष राजकुमार सैनी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

# शिक्षा संस्थान का वार्षिक समारोह

दिल्ली। महात्मा फुले सामाजिक शक्षिण संस्थान का वार्षिक साधारण सभा का समारोह दिनाँक 1 जून 2013 को अपराहन 2.00 बजे से राजीव गाँधी आडीटोरियम, विजयसिंह पथिक नगर, भीलवाड़ा (राजस्थान) में आयोजित किया गया है। समारोह की अध्यक्षता शंकरराव लिंगे अध्यक्ष द्वारा की जाएगी। जिसमें संस्थान की गतिविधियों की रिपोर्ट, वार्षिक आय-व्यय का हिसाब, गुरूकुल की स्थापना, भूमि का चयन, गुरूकुल का ब्रोचर, आजीवन सदस्यता अभियान, आदि विषयों पर प्रस्ताव पारित होंगे।

संस्थान के महासचिव रामनारायण चौहन ने बताया कि माली समाज भीलवाड़ा के अध्यक्ष बन्सीलाल माली को संयोजक एवं गोपालाल माली को संयोजक एवं गोपाललाल माली को सहसंयोजक नियुक्त किया है। समारोह में भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों में से संस्थान के पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी के सदस्यगण तथा आजीवन सदस्यों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया हैं। इस अवसर पर समाज के सक्रिय सदस्यों द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पत्र-पत्रिकाओं के प्रतिनिधि, समाचार पत्र, टेलीविजन में काम करने वाले पत्रकारों को प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित किया गया है। सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रण पत्र भिजायवाये गए है। दिनाँक 2 जून 2013 को माली समाज भीलवाड़ा द्वारा समाज के अध्यक्ष बन्सीलाल माली के पिता स्व. श्री रामनाथ रामनाथ रागस्या की स्मृति में विराट सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया हैं। जिसमें देशभर के प्रतिनिधि शामिल होकर वर-वधू को आर्शीवाद देंगे।

# महात्मा ज्योतिबा फूले मूर्ति अनावरनण समारोह सम्पन्न








जैतारण (पाली) संत शिरोमणी श्री लिखमीदास जी सेवा संस्थान माली (सैनी) समाज पीपलिया कला द्वारा आयोजित महात्मा ज्योतिबा फूले मूर्ति अनावरण माननेय यशस्वी मुख्यमंत्री श्री अशोकजी गहलोत के कर कमलों द्वारा किया गया (दिनांक 17.3.13) समारोह के विशिष्ठ अतिथि के रूप में श्री रामकिशोर सैनी कारागृह मंत्री, श्री मोतीलाल साँखला राष्ट्रीय अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फुल जागृति मंच, नगर पालिका जैतारण के अध्यक्ष श्री नारायणलाल गहलोत, नगर परिषद ब्यावर के पूर्व अध्यक्ष श्री प्रमोद साँखला, राजस्थान माली (सैनी) जागृति संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमराराम भाटी महात्मा ज्योति बा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच, पाली के जिलाध्यक्ष श्री मिश्रीलाल सोलंकी, पाली जिला के सांसद श्री बद्रीराम जाखड़, जैतारण विधायक एवम् संसदीय सचिव श्री दिलीप चौधरी सहित माली समाज जैतारण, नीमाज, रायपुर, बर, सोजत आदि गाँवों से सैकड़ों स्वजाति बन्धुओं ने भाग लेकर समारोह की शौभा बढ़ायी। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि श्रीमान अशोक जी गहलोत द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले की मूर्ति को माल्यापर्ण व दीप प्रज्वलन कर मंच की ओर पधारे तो विशाल जनसमूह ने खड़े होकर अशोक गहलोत जिन्दाबाद के गगन भेदी नारों के साथ स्वागत किया गया, तथा देखों-देखों कौन आया राजस्थान का गांधी आया के गगन भेदी नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। स्थानीय समाज के अध्यक्ष ढगलाराम बागड़ी ने पुष्पहार व साफा पहनाकर हमारे लाडले मुख्यमंत्री का बहुमान किया गया। माली समाज बर के बन्धुओं ने गहलोत को 51 किलोग्राम पुष्पहार की माला पहनाकर स्वागत किया गया। गहलोत ने अपने सम्बोधन में महात्मा ज्योतिबा फूले मूर्ति अनावरण समिति के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए फूले के बताये मार्ग पर चलने की सलाह दी। फूले दम्पति द्वारा दलितो के उद्धार व शिक्षा के क्षेत्र में किये गये कार्यों की जानकारी देते हुए वर्तमान समय में शिक्षा का महत्व बताया। राजीवगांधी का भारत का 21वीं सदी में ले जाने का स्वपन कम्प्यूटर शिक्षा के महत्व के बताये हुए सरकार की विभिन्न जन कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी गई विशेषकर पशुओं के लिए नि:शुल्क दवाईयाँ बीना किसी ज्ञापन ने सरकार ने उपलब्ध कराई। पाली सांसद श्री बद्रीराम जाखड़ के कार्यो की प्रशंसा करते हुए श्री राम किशोर सैनी द्वारा सरकार को दिये गये समर्थन के लिए प्रशंसा की गई तथा श्री सैनी को धन्यवाद दिया सभी के उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ अपना भाषण समाप्त किया।

## रामनवमी मेले में उमड़े श्रद्धालु




रामनती के अवसर परु दिनांक 19.04.2013 को मगरा-पूँजला, जोधपुर में स्थित माँ चामुण्डा माता के प्राचीन मन्दिर माता का थान में मेला लगा। मेला सुबह 4 बजे ही शुरू हो गया एवं रात्रि 11 बजें तक जारी रहा। मेले में क्षेत्र व आस-पास के दर्शनार्थियों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। पीने के पानी, शरबत आदि की व्यवस्था माँ चामुण्डा माता माली संस्था की तरफ से नि:शुल्क की गई साथ ही संस्था द्वारा लागत मूल्य पर नमकीन (मीर्ची बड़े व कोपते) की सुविधा उपलब्ध करवाई गई।

मेले मे मिठाई प्रसाद व खिलोनों की दुकानें तथा बच्चों के लिए झूले भी लगे। आस-पास के बेरों से गेरें आई, रंग-बिरंगी वेशभूषा में गेरियों ने धमचक मचाई, जो आकर्षण के केन्द्र भी रही। मेलार्थियों की भारी भीड़, यातायात की व्यवस्था व सुरक्षा हेतु पुलिस को भी लगाया गया। मेले के प्रति बच्चों, बड़े बुजुर्गों, महिलाओं सभी में बड़ी उल्सुकता झलक रही थी एवं सभी ने मेले का भरपुर आनन्द लिया।

# ज्ञानसिंह भाटी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित



सीनियर सैक्शन इंजीनियर सिग्नल
उ. पश्चिम रेलवे, जोधपुर

ज्ञानासिंह पुत्र श्री मासिंह जी भाटी बेर खेड़ीयाला मगर पूँजला निवासी जो कि सीनियर सैक्शन इंजीनियर सिग्नल जोधपुर के पद पर कार्यरत है। इनको जोधपुर -मेड़ता रोड़ के महत्पूर्ण रन्ट पर सिगनल गियर के रखरखाव और अनुरक्षण कार्य के लिए उत्तरदायी है इनकी कर्त्तव्य परायनता और लगन से उक्त खंड में सिगनल गियर का सुरक्षित अनुरक्षण रहा है। इन्होंने मुख्यालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप दूरस्थ सिगनल सर्किट परिवर्तन को क्रियान्वित करने के लिये उत्तदायी है उपरोक्त उपताब्धियों के लिय इन्हें वर्ष 2012-13 को इन्हें महाप्रबन्धक उत्तर पश्चिम रेलवे श्रीमान आर.सी. अग्रवाल द्वार प्रशस्ति पत्र, मैडल तथा नगद राशि से पुरस्कृत किया गया । पूर्व में भी श्री भाटी को वर्ष 2003-2004 में भी महाप्रबन्धक उत्तर पश्चिम रेलवे श्रीमान राकेश मोहन अग्रवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र, मैडल तथा नगद राशि से पुरस्कृत किया जा चुका है। तथा वर्ष 1990-93 में मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता श्रीमान एस पी. कमलराजन, चर्चगेट बम्बई द्वारा तथा 30/2012 के संकेत एवं दूर संचार विभाग प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता जो कि उतर रेलवे नई दिल्ली में आयोजित की गयी उसके द्वितीय स्थान प्राप्त किया वर्ष 2006-2007 तथा 2008-2009 का मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र तथा नगद राशि से सम्मानित हो चुकें है।

तथा वर्ष 2001 में मंडल रेल प्रबन्धक जोधपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र तथा नगद राशि से सम्मानित किये जा चुके हे।

श्री ज्ञानासिंह भाटी की नियुक्ति 4.11.1985 को काटा मंडल पश्चिम रेवले में हुई तथा 1.4.1996 में इनका स्थानांतरण जोधपुर मंडल में हुआ।

# प्रदीप कच्छवाहा बने जोधपुर फोटोग्राफर एसोसियेशन के अध्यक्ष



जोधपुर फोटोग्राफर्स एसोसियेशन दिनांक 21.4.2013 रविवार को मण्डोर रोड़ स्थित सुमेर स्कुल में चुनाव हुआ। चुनाव अधिकारी प्रेमसिंह परिहार ने बताया कि इसमें 250 सदस्यो में से 238 सदस्यों ने मत का प्रयोग किया। उन्होंन बताया कि चुनाव में प्रदीप कच्छवाहा अध्यक्ष बने । सुरेन्द्र राजपुरोहित उपाध्यक्ष, महेन्द्र कुमार पुरोहि सचिव, संजय राम सहसचिव ओर महेश गहलोत कोषाध्यक्ष चुने गए। संस्थान के सभी प्रत्यासियों ने जीत पर माल्यार्पण कर स्वागत किया । बाद में मुकरे स्कुले से नागौरी बेटा गये। माँ भगवती का आर्शीवाद लिया।

# सैनी युवा परिषद द्वारा होली स्नेह-सम्मेलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया





मुम्बई। सैनी युवा परिषद, मुम्बई द्वारा होली स्नेह-सम्मेलन कार्यक्रम बहुत ही हर्षोल्लास और धुमधाम के साथ भाईन्दर स्थित मिलन पैलेस में मनाया गया । जिसमे सैनी समाज के गणमान्य लोग उपस्थित हुये। कार्यक्रम में राजस्थान से पधारे हुये श्रीमान प्रभुलालजी सैनी, विधायक राजस्थान, श्रीमान सुभाषजी तिलेकर, जोईन्ट कमिशन सेल्स टैक्स मुम्बई, श्री भगवान राम जी माली, प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान सैनी समाज श्री रोशनलाल जी सैनी, केयरमेन स्वास्थय समिति नगर निगम जयपुर श्री बद्रीप्रसादजी भरतिया सरपंच पंचाला देवली, श्री भूपेन्द्रजी सेवी ऊर्फ (पिन्टुजी) भाजपा जिलाध्यक्ष दौसा, श्री प्रभातीलाल जी सैनी महासचिव शेखावाटी देवी समाज, मनीष जी सैनी, कजौड जी चौधरी, पंकज जी, पारेख, जगदीश जी तंवर, शिवलाल सुदेशा, शंकरलालजी परिहार, रतनलालजी टाक, जीवराज जी सुन्देशा, नारायन जी परिहार आदि गणमान्य समाज बन्धु कार्यक्रम में उपस्थित हुये। होली के इस कार्यक्रम में राजस्थानी गीतों की भाप चंग और ढप की धमाल के साथ गुंज उठी। सैनी युवा परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समाज वे ही लाडले कलाकार, सुनिल पड़िंधर एन्ड पार्टी द्वारा राजस्थानी गीतों व नृत्यां की शानदार प्रस्तुति दी गयी। जिसमें सभी पधारे हुये सैनी समाज बन्धु खुब झूमे और नाच उठे। श्री प्रभुलाल जी सैनी विधायक राजस्थन ने समाज के लोगों को सम्बोधित किया और नारी शिक्षा पर जोर दिया। श्री भगवानरामजी माली ने समाज के लोगों को एकजुट होकर मिलकर कार्य करने पर बल दिया। जिससे समाज आगे बढ़े। समाज वे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को सम्माति किया गया। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। उसमें लडकियां अव्वल रही। समाज के इस कार्यक्रम के समाज के लोगों दूर-दूर से पधारे और बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसके कापी, खिलवासा, दमण, कल्याण भिंदडी, डोम्बीवली, तारापुर, बोईसर,पालधर वव समस्त मुम्बई से काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुये।



संस्था के सचिव डालमचन्द जी सैनी ने लोगों से अपील करी कि आने वाले राजस्थान विकास सभा चुनावो के लिये सैनी युवा परिषद ने एवं चुनावी टोली का गणन किया जाये। जो राजस्थान के प्रत्येक स्वजातीय उम्मीदवार के लिये प्रभार प्रसार के लिये जायेगी। संस्था के संरक्षक श्री बंजरगलाल जी चौहान ने टीम सैनी युवा परिषद में जुड़ने का आग्रह किया। जिससे हम सफल भ्रमण कर सके। संस्था के कोषाध्यक्ष श्री करणीरामजी सैनी ने गत वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। संस्था के अध्यक्ष श्री मुरली बालाण ने सभी पधारे हुये अतिथियों का स्वागत व अभिनन्दन किया। और एकजुट होकर कार्य करने के लिये किया। ओर एकजुट होकर कार्य करने के लिये कार्यकर्ताओं से अपील की। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का अभिनन्दन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उनसे अपील की के बड़ी-बड़ी से कड़ी मेहनत करवे पढ़े व आगे बढ़े और अपने परिचय, समाज और देश का नाम रोशन करें।

## मनोहर लाल परिहार बने प्रदेश उपाध्यक्ष



जयपुर। आल इण्डिया युवा माली सैनी सेवा समाज राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी में जोधपुर के मनोहरलाल परिहार प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर मनोहरलाल परिहार ने धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं पूरी कर्मठता, निडरता, एवं समर्पित भावना से समाज सेवा हेतु सम्पूर्ण समाज एवं आल इण्डिया युवा माली सैनी सेवा समाज को योगदान देकर समाज को नई दिशा प्रदान करने का हर संभव प्रयास करूंगा।

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचन्द्र सोलंकी पुत्र श्री गोविन्दराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश गेहलोत पुत्र स्व. श्री बलदेवसिंहजी जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका) पीपाड़ शहर
श्रीबाबूलाल टाक (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका) पीपाड़ शहर
श्री बंशीलाल मारोठिया पीपाड़ शहर
श्री बाबूलाल गेहलोत पुत्र श्री दयाराम जोधपुर
श्री सोहनलाल देवड़ा पुत्र श्री हापुराम देवड़ा मथानियां
श्री अमृतलाल परिहार पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार (उपाध्यक्ष नगर पालिका) बालोतरा
श्री रमेश कुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत बालोतरा
श्री लक्ष्मीचन्द सुंदेशा पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा बालोतरा
श्री वासुदेव गहलोत पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत बालोतरा
श्री महेश बी. चौहान पुत्र श्री भगवानदास चौहान बालोतरा
श्री हेमाराम माली पुत्र श्री रूपाराम पंवार बालोतरा
श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री हरिराम पंवार बालोतरा
श्री छगनलाल गहलोत पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत बालोतरा
श्री सोनाराम सुंदेशा पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम सुंदेशा पुत्र श्री पूनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्र कुमार पंवार पुत्र श्री अणदाराम पंवार बालोतरा
श्री शंकरलाल (पार्षद) पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार बालोतरा
श्री घेवरचंद पंवार पुत्र श्री भोमजी पंवार बालोतरा
श्री रामकरण माली पुत्र श्री किसनाराम माली बालोतरा
श्री रतन परिहार पुत्र श्री देवजी परिहार बालोतरा
श्री कैलाश काबली (अध्यक्ष माली समाज) पाली
श्री घीसाराम देवड़ा (मंडल महामंत्री भाजपा) भोपालगढ़
श्री शेषाराम श्यामलाल टाक पीपाड़ शहर
श्री बाबूलाल माली (सरपंच महिलावास) सिवाणा
श्री रमेश कुमार सांखला सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाह, लवेरा बावड़ी
संत हजारीलाल गहलोत जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार डीसा
श्री हितेश भाई मोहन भाई पंवार डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी डीसा
श्री मगनलाल गीगा जी पंवार डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा डीसा
श्री नवीनचन्द दलाजी गहलोत डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाह डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा डीसा

श्री सुखदेव वक्ता जी गहलोत डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी डीसा
श्री किशोर कुमा सांखला डीसा
श्री बाबुलाल गीगाजी टाक डीसा
श्री देवचन्द रगाजी कच्छवाह डीसा
श्री सतीश कुमार लक्ष्मीचन्द सांखला डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाह डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाह डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी डीसा
श्री अशोक कुमार पुनमाजी सुंदेशा डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार सोढ़ो की ढाणी
श्री सम्पतसिंह पुत्र श्री बींजारामजी गहलोत जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत जोधपुर
श्री जितेन्द्र पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छवाह जोधपुर
श्री सीताराम सैनी पुत्र श्री रावतमल सैनी सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी सर्वोदय सोसायटी जोधपुर
श्री जयनारायण गहलोत चौपासनी चारणान मथानियां
श्री अशोक कुमार पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी गेंवा जोधपुर
श्री रामेश्वरलाल (सुशील कुमार) गहलोत जोधपुर
श्री मोहनलाल परिहार पुत्र श्री पुरखाराम परिहार चौखा
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी चौखा
श्री मोहनलाल परिहार पुत्र श्री पुरखाराम परिहार चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कम्पनी भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भगवती खाद बीज भण्डार भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार राजस्थान फार्मेसिया जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेंट सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी सोजतरोड़
श्री राम अकेला पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा देवड़ा मोटर्स जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला सांखला सिमेंट जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र स्व. श्री बींजाराम गहलोत जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी भीनमाल
श्री सांवरराम परमार भीनमाल
श्री भारताराम परमार भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी भीनमाल

श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार भीनमाल
श्री डी.डी.भाटी पुत्र श्री भंवरलाल भाटी जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार सूरसागर जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत गहलोत सूरसागर जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी आदमपुरा
श्री अशोक सांखला पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला जोधपुर
श्री नटवरलाल माली जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत जोधपुर
श्री अमित पंवार जोधपुर
श्री राकेश कुमार सांखला जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार बालोतरा
श्री अरविन्द सोलंकी जोधपुर
श्री सुनिल गहलोत जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार जोधपुर
श्री मनीष गहलोत जोधपुर
श्री योगेश भाटी अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा बिलाड़ा
श्री प्रकाशचन्द सांखला ब्यावर
श्री झुमरलाल गहलोत जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी जोधपुर
श्री महावीरसिंह भाटी जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा जोधपुर
श्री अशोक टाक जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत सालावास जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा मध्यप्रदेश
**श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर**

# माली सैनी संदेश


## ही क्यों ?






























**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई.
सहित पांच हजार पाठकों
का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक
गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी
जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे
देश ही नहीं विदेश में भी।

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, 92140 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**क्योंकि सच्चा सफर कभी समाप्त नहीं होता . . .**

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग
मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स
के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# नागौर में प्रस्तावित माली सैनी समाज छात्रावास भवन



# ज्योति बा फुले जयंति पर जोधपुर में आयोजित रक्तदान शिविर









Postal Regd. No. Jodhpur/221/2009-2011 NO. RAJHIN12897/20/1/2004-TC




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं सम्पादक मनीष गहलोत के लिए मुद्रक
मोहम्मद मुस्लिम द्वारा हिन्दुस्तान प्रिण्टिंग हाउस इन साईड ईदगाह कम्पाउण्ड
जालोरी गेट, जोधपुर से मुद्रित एवं माली सैनी संदेश कार्यालय,
31, गणपति मार्केट नई सड़क, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 09414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com
पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR



log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org